**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**
**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक: 15.03.2026** **समय : 18.30 पीएम**

- **चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल, असम, केरल, पुद्दुचेरी और तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की।**
- **केन्द्र सरकार ने स्पष्ट किया–देश में एलपीजी सिलेंडरों की कोई कमी नहीं–मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अफवाहों से बचने की अपील की।**
- **राजस्थान दिवस समारोह के तहत प्रदेशभर में कई आयोजन–जयपुर में जैम्स ज्वैलरी की राज्य स्तरीय प्रदर्शनी लगी।**
- **शक्तिपीठ कैलादेवी में कल से वार्षिक मेला भरेगा–बालोतरा के तिलवाड़ा में आज से सालाना मेले की शुरूआत हुई।**

0000

चुनाव आयोग ने आज पश्चिम बंगाल, असम, केरल, पुद्दुचेरी और तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव कार्यक्रम का ऐलान कर दिया है। पश्चिम बंगाल में दो चरणों में चुनाव होंगे, जबकि शेष स्थानों पर एक दिन में वोट डाले जाएंगे। आज नई दिल्ली में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बताया कि असम, केरल और पुद्दुचेरी में मतदान 9 अप्रैल को होगा। तमिलनाडु में मतदान 23 अप्रैल को तथा पश्चिम बंगाल में 23 और 29 अप्रैल को होगा। सभी जगह मतगणना 4 मई को होगी। चुनाव कार्यक्रम घोषणा के साथ ही इन स्थानों पर आचार संहिता तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। श्री कुमार ने बताया कि पांच विधानसभाओं के 824 निर्वाचन क्षेत्रों के चुनावों में लगभग 17 करोड़ 40 लाख लोग मतदान के पात्र हैं। उन्होंने चुनाव को लोकतंत्र का महापर्व बताते हुए सभी से भागीदारी की अपील की।

000

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा है कि देशभर में एलपीजी गैस आपूर्ति की कोई कमी नहीं है। मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि एलपीजी बुकिंग में गिरावट आई है। वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर भी प्राथमिकता के आधार पर वितरण के लिए राज्य सरकारों को सौंप दिए गए हैं और अब उपभोक्ताओं के लिए उपलब्ध हैं। तेल विपणन कंपनियों द्वारा खुदरा दुकानों पर ईंधन की कमी का कोई मामला सामने नहीं आया है और पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति नियमित रूप से जारी है। मंत्रालय ने नागरिकों को घबराहट में खरीदारी नहीं करने की सलाह दी है। मंत्रालय ने बताया कि देशभर में पेट्रोल और डीजल का का भी पर्याप्त भंडार उपलब्ध है।

इस बीच, मंत्रालय ने पाइपलाइन वाली नैचुरल गैस–पीएनजी कनेक्शन धारियों को अपना एलपीजी कनेक्शन सरेंडर कराने के निर्देश दिये हैं। सरकार ने कहा कि यह कदम खाना पकाने की गैस की आपूर्ति में दोहराव को रोकने और यह सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। इधर, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी प्रदेशवासियों को भरोसा दिलाया है कि उपभोक्ताओं के लिए एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति निर्बाध रूप से जारी रहेगी। मुख्यमंत्री ने आमजन से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की है।

000

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सी.बी.एस.ई ने पश्चिम एशियाई क्षेत्र में कल से अगले महीने की 10 तारीख तक होने वाली कक्षा 12 की परीक्षाएं रद्द कर दी हैं। बोर्ड ने बताया कि पहले स्थगित की गई परीक्षाएं भी रद्द रहेंगी। इस क्षेत्र में कक्षा 12 के परिक्षार्थियों के लिए परिणाम घोषित करने का तरीका बाद में बताया जाएगा।

000

उपभोक्ता मामलों के मंत्री सुमित गोदारा ने कहा है कि उपभोक्ता संरक्षण के क्षेत्र में प्रदेश को आदर्श राज्य के रूप में स्थापित करने के लिए उनका विभाग कृत संकल्पित है। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा नवाचारों के जरिये उपभोक्ता अदालतों को मजबूत करने के प्रयास किए जा रहे हैं। श्री गोदारा आज जयपुर में विश्व उपभोक्ता दिवस के राज्य स्तरीय समारोह में बोल रहे थे। कॉंस्टीट्यूशन क्लब में हुए कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि उपभोक्ता आयोगों के अध्यक्ष और सदस्य अब 15 दिन तक का सालाना अवकाश ले सकेंगे। गिव अप अभियान पर चर्चा करते हुए गोदारा ने कहा कि इसके तहत प्रदेशभर में बीते 16 महीनों के दौरान 55 लाख से ज्यादा लोगों ने स्वेच्छा से अपनी खाद्य सब्सिडी छोड़ी है।

000

चित्तौड़गढ़ में आज मेवाड़ की वीरांगनाओं की स्मृति में जौहर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। समारोह का उद्घाटन केन्द्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। इस मौके पर दोनों नेताओं ने चित्तौड़गढ़ दुर्ग स्थित जौहर भवन का अवलोकन किया और यज्ञ में आहूति देकर वीरांगनाओं को नमन किया। केन्द्रीय मंत्री ने अपने संबोधन में मेवाड़ की धरती को वीरता और त्याग की भूमि बताया। उन्होंने सभी से संगठित होकर संस्कृति को बचाये रखने का आह्वान किया।

..................

कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों को जाति–पाति के बंधन से ऊपर उठकर आत्मनिर्भर और विकसित भारत के लिए एकजुट होना होगा। उन्होंने कहा कि चित्तौड़गढ़ भारत की अस्मिता का प्रहरी है।

.................

कार्यक्रम में मेवाड़ के पूर्व राजपरिवार के सदस्य और स्थानीय जनप्रतिनिधियों साथ बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

000

राजस्थान दिवस समारोह के कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज प्रदेशभर में रन फॉर विकसित राजस्थान आयोजित की गई। राज्यस्तरीय दौड़ का आयोजन जयपुर में किया गया, जहां मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अमर जवान ज्योति से इसे हरी झंडी दिखाई। राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने भी दौड़ में हिस्सा लेकर युवाओं का उत्साह बढ़ाया। राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में आज जिला मुख्यालयों पर एक जिला–एक उत्पाद प्रदर्शनी भी लगाई गई। जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में राज्य स्तरीय प्रदर्शनी आयोजित की गई है। दो दिवसीय इस प्रदर्शनी में जयपुर के ओडीओपी उत्पाद जैम्स एण्ड ज्वैलरी पर आधारित 60 से अधिक स्टॉल्स लगाई गई हैं। उद्योग विभाग की ओर से आयोजित प्रदर्शनी में नामी ब्रांड्स के साथ स्थानीय निर्माताओं के रत्न और आभूषण बिक्री के लिए प्रदर्शित किये गये हैं। समारोह की कड़ी में जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में आज से चित्र प्रदर्शनी भी शुरू हुई। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने प्रदर्शनी का अवलोकन करने के बाद मीडिया के जरिये आमजन से राजस्थान दिवस के कार्यक्रमों में बढ़–चढ़ कर सहभागिता निभाने की अपील की।

000

उत्तर भारत के प्रसिद्ध शक्तिपीठ कैलादेवी मंदिर में कल से वार्षिक मेले की शुरूआत होगी। मेले में शामिल होने देशभर से श्रद्धालुओं के जत्थे जयकारों के साथ माता के धाम की ओर बढ़ रहे है। हमारे करौली संवाददाता ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विभिन्न सामाजिक संगठनों की ओर से जगह–जगह निःशुल्क भण्डारे और चिकित्सा तथा अन्य व्यवस्थाएं की गई हैं। रोडवेज़ ने मेले के लिए अतिरिक्त बसों की व्यवस्था की है।

000

प्रदेश के महत्वपूर्ण पशु मेलों में शामिल श्री मल्लीनाथ पशु मेला आज से बालोतरा के तिलवाड़ा में शुरू हुआ। ध्वजारोहण के साथ प्रारंभ मेले में पशु पालन विभाग के अलावा विभिन्न विभागों और संगठनों और संस्थाओं की ओर से स्टॉल्स लगाई गई हैं। मेले में ऊंट, बेल, घोड़े और अन्य पशु बिक्री के लिए लाये गये हैं। मेले का उद्घाटन उद्योग और वाणिज्य राज्यमंत्री के.के. विश्नोई ने किया। इस अवसर पर श्री विश्नोई मीडिया से बातचीत में कहा कि प्रदेश की कला संस्कृति और धार्मिक परम्पराओं के संरक्षण के लिए राज्य सरकार संकल्पित है।

000

प्रदेश में आगामी दो–तीन दिनों नये पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से मौसम में फिर बदलाव की संभावना है। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार 18 से 21 मार्च के बीच राज्य के उत्तरी भागों में कहीं–कहीं मेघगर्जन के साथ हल्की बारिश की संभावना है। शेष स्थानों पर मौसम शुष्क रहने की संभावना है। विक्षोभ का सर्वाधिक असर 19 और 20 मार्च को जोधपुर, बीकानेर, अजमेर, जयपुर और भरतपुर संभाग के कुछ भागों में रह सकता है।

000